तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 13. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 11 फरवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

वीबीजीरामजी देश को विकसित, समृद्ध बनाने की दिशा में मजबूत कदमः सिंह
4



## खबर संक्षेप

### हेल्पलाइन नंबर व पोर्टल पर करा सकते हैं शिकायत दर्ज

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय की उपस्थिति में इंटरनेट सुरक्षित दिवस के अवसर पर आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कार्यों में डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करना तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर खतरों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूकता ही सबसे प्रभावी उपाय है तथा किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान हुआ शुरू, 15 तक चलेगा

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले में सामूहिक दवा सेवन अभियान का शुभारंभ मंगलवार 10 फरवरी को विकासखंड बलौदा के आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बलौदा से किया गया। इस अवसर पर फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन हेतु आमजन को दवा सेवन कराने का आह्वान किया गया। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले में कुल 686 दवा प्रशासक, 69 पर्यवेक्षक, 8 द्वितीय पर्यवेक्षक एवं 2 रैपिड रिस्पांस टीमों की नियुक्ति की गई है। ये टीमें अभियान के दौरान किसी भी विपरीत परिस्थिति में त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएंगी। कार्यक्रम को तीन चरणों में संचालित किया जाएगा। प्रथम चरण में 10 से 12 फरवरी तक स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बूथ लगाकर पात्र व्यक्तियों को दवा सेवन कराया जाएगा। द्वितीय चरण में 13 से 22 फरवरी तक दवा प्रशासक घर-घर जाकर दवा खिलाएंगे। वहीं तृतीय चरण में 23 से 25 फरवरी तक मॉप-अप राउंड के अंतर्गत अभियान के दौरान छूटे हुए व्यक्तियों को दवा सेवन कराया जाएगा।

### 31 मई तक रासायनिक उर्वरकों का अग्रिम उठाव प्रारंभ

**जांजगीर-चांपा।** कृषि विभाग द्वारा रासायनिक उर्वरकों के अग्रिम उठाव की प्रक्रिया 1 फरवरी से 31 मई तक प्रारंभ कर दी गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य खरीफ मौसम के दौरान किसानों को उर्वरकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना, संभावित कमी से बचाव करना तथा वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखना है। उप संचालक कृषि ने बताया कि खरीफ वर्ष 2026 के लिए कुल 19,700 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों को राहत प्रदान करते हुए यह निर्णय लिया गया है कि 1 फरवरी से 31 मई तक अग्रिम रूप से उठाए गए रासायनिक उर्वरकों पर सहकारी समितियों द्वारा कृषकों से किसी भी प्रकार का ब्याज अधिभारित नहीं किया जाएगा।

### सेंट्रल ट्रेड यूनियन की देशव्यापी हड़ताल कल

**सक्ती।** सेन्ट्रल ट्रेड यूनियन्स की तरफ से देशव्यापी हड़ताल के आव्हान पर संयुक्त खदान मजदूर संघ खम्हरिया एटक के खदान - क्रेसर के मजदूर भी हड़ताल में शामिल रहकर गुरूवार 12 फरवरी को काम बंद धरना आन्दोलन करेंगे। उक्त हड़ताल 4 लेबर कोड की केन्द्र सरकार की अधिसूचना की वापसी , पुराने श्रम कानूनों को ही लागू रखने , न्यूनतम 26 हजार मासिक मजदूरी देने , ठेका प्रथा समाप्ति, निजीकरण पर रोक, मनरेगा को बदलने के विरोध में है। हड़ताल में संयुक्त किसान मोर्चा भी शामिल है जो देश के किसानों को उनकी खेती की ऊपज के लिए समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून एमएसपी का कानून बनाने की मांग कर रही है। उक्त जानकारी किसान सभा के जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा ने दी है।

## शिवरीनारायण मेले में हुआ हादसा, सुरक्षा को लेकर उठे सवाल

# आकाश झूला की कुर्सी टूटकर गिरी नीचे खड़ी दो युवतियां घायल

.हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

इन दिनों पूरे शबाब पर चले रहे शिवरीनारायण माघी मेले में आकाश झूले का कुर्सी अचानक टूटकर गिर गया। इस दौरान नीचे खड़ी दो युवती उसकी चपेट में आकर घायल हो गई। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया, जहां एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

माघी पूर्णिमा से लगने वाला शिवरीनारायण का प्रसिद्ध मेला इन दिनों पूरे शबाब पर है। यहां प्रतिदिन हजारों की तादाद में लोगों की भीड़ पहुंच रही है। मेला में कई तरह के झूले और मनोरंजन के साधन आए हैं। मंगलवार 10 फरवरी को भी मेले में काफी भीड़ थी। शाम करीब 4 बजे नगर पंचायत के सामने संचालित आकाश झूला में एक हादसा हो गया। चलते झूले की एक कुर्सी टूटकर गिर गई। मेला देखने पहुंची ग्राम मल्दा के दो युवती झूले के नीचे खड़ी थी। आकाश झूला की कुर्सी गिर गई, जिससे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। दोनों युवती को आनन फानन में एम्बुलेंस से शिवरीनारायण के शबरी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। घायल युवती चंद्रकांता कश्यप 15 वर्ष एवं भुमिका कश्यप 21 वर्ष ग्राम मल्दा की निवासी है। भुमिका कश्यप की गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर रिफर किया गया है। इस हादसे ने मेला की सुरक्षा व्यवस्था और झूलों की फिटनेस टेस्ट पर सवाल खड़ा कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि मेले में मौत कुआ, झूला के साथ कई तरह के साधन आए है। जिसका आनंद देखने लोगों की भीड़ हजारों की संख्या में पहुंच रही है। खास करके मेले में आए झूले और मौत का कुंआ लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र होता है। ऐसे में मंगलवार को हवाई झूला की कुर्सी टूटकर गिरने और दो युवतियों के घायल होने की घटना ने यहां की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है।



शिवरीनारायण माघी मेले में लगी लोगों की भीड़




झूला गिरने से अस्पताल में भर्ती धायल युवतियां।

# जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला आज से

## हाईस्कूल मैदान में तीन दिनों तक होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर के हाईस्कूल मेदान में आयोजित जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का शुभारंभ बुधवार 11 फरवरी को होगा। आयोजन का समापन 13 फरवरी को होगा। इस तीन दिवसीय आयोजन में जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, वहीं कृषि उपकरणों की प्रदर्शनी खास होगी। इसके अलावा मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले और मौत कुंआ के साथ मीना बाजार भी सजने लगा है। जिले के शासकीय हाई स्कूल मैदान, जांजगीर एवं कृषि विज्ञान केंद्र जांजगीर में 11, 12 एवं 13 फरवरी को जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन बुधवार 11 फरवरी को हाई स्कूल मैदान, जांजगीर में दोपहर 3.30 बजे से 6 बजे तक जिले के स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। शाम 6 से 8 बजे तक स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी तथा रात्रि 8 बजे से प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक गायक दिलीप षडंगी अपनी प्रस्तुति देंगे। 12 फरवरी को दोपहर 3.30 बजे से स्कूली छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम, शाम 6 से 8 बजे तक स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति तथा रात्रि 8 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शशिकांत यादव मध्य प्रदेश, डॉ. आदित्य जैन राजस्थान, गौरव चौहान उत्तरप्रदेश, अमित शुक्ला मध्य प्रदेश, प्रीति पाण्डेय उत्तर प्रदेश, अभिषेक पाण्डेय छत्तीसगढ़, मीर अली मीर, छत्तीसगढ़ एवं बंशीधर मिश्रा छत्तीसगढ़ द्वारा कविता पाठ किया जाएगा। 13 फरवरी को दोपहर 3.30 से 5 बजे तक स्कूली छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम, शाम 5 से 6 बजे तक मलखम्भ एवं स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति तथा शाम 6 से 8 बजे तक छत्तीसगढ़ी पारंपरिक लोक गायिका आरू साहू की प्रस्तुति होगी। इसके पश्चात रात्रि 8 बजे से सारेगामा विजेता एवं बॉलीवुड सिंगर इशिता विश्वकर्मा अपनी प्रस्तुति देंगी।



सज रहा जाज्वल्य लोक महोत्सव व एग्रीटेक कृषि मेला पंडाल

### केवीके में आयोजित होगा खेती किसानी कार्यक्रम

11 फरवरी को कृषि विज्ञान केंद्र, जांजगीर में प्रातः 10 बजे खेती-किसानी कार्यक्रम का शुभारंभ किसान सम्मेलन के साथ किया जाएगा एवं प्रातः 11 बजे कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 12 फरवरी को प्रातः 10 बजे से कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। 13 फरवरी को प्रातः 10 बजे से कृषि यंत्रों का जीवंत प्रदर्शन एवं पशु प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिले के शासकीय हाई स्कूल मैदान, जांजगीर एवं कृषि विज्ञान केंद्र जांजगीर में 11, 12 एवं 13 फरवरी को जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन बुधवार 11 फरवरी को हाई स्कूल मैदान, जांजगीर में दोपहर 3.30 बजे से 6 बजे तक स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके अलावा तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं, स्थानीय कलाकारों, लोक कलाकार,कृषक संगोष्ठी, कृषि यंत्रों के प्रदर्शन एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। कृषि मेला देखने के लिए ना केवल जांजगीर चांपा बल्कि पडोसी जिले बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार व सारंगढे जिले से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते है।

# नाबालिग से दुष्कर्म : आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। उक्त फैसला अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी रविन्दर कौर ने सुनाया है।



■ अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएसपी रविन्दर कौर ने सुनाया फैसला

अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार पीडिता के पिता ने 13 अगस्त 2024 को थाना जांजगीर में लिखित शिकायत प्रस्तुत की, कि उसकी नाबालिग पुत्री छात्रावास में रहकर कक्षा दसवी की पढ़ाई कर रही है। इसी दौरान 13 अगस्त को उसकी पुत्री छात्रावास से घर आई हुई थी और रो रही थी तथा उसने प्रार्थी एवं उसकी पत्नी को बताया कि उक्त दिनांक से चार माह पूर्व पीडिता की जान पहचान तिलई निवासी अलेकजेंडर सूर्यवंशी पिता सम्पत सूर्यवंशी उम्र 23 वर्ष से हुई थी। उसने नाबालिग को प्रेमजाल में फंसाकर उससे बातचीत करने लगा था। इस दौरान उसके द्वारा पीडिता को मोबाईल, कपड़े और अन्य उपहार दिये गये है। अभियुक्त ने पीडिता को शादी का प्रलोभन देता था, तब पीडिता उसकी बातों में आ गई। अभियुक्त अपनी मोटर सायकल पर पीडिता को अपने साथ घुमाने के लिए ले गया था और फिर उसके बाद पीडिता को अपने घर ग्राम तिलई लेकर गया था। वहां पर वह पीडिता को शादी करूंगा कहकर उसके साथ दुष्कर्म किया। प्रार्थी की उक्त लिखित शिकायत के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना जांजगीर में धारा 376-26, 506 भारतीय दंड संहिता एवं धारा 6 पाक्सो एक्ट के तहत प्रथम सूचना दर्ज की गयी। तत्पश्चात विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस मामले में संपूर्ण साक्ष्य उपरांत अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी रविन्दर कौर ने आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इस मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक पाक्सो चंद्रप्रताप सिंह ने की।

### भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बने अमित

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. प्रदेश भाजपा द्वारा भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला-जांजगीर-चाम्पा के नवीन कार्यकारणी की सूची घोषित की गई है। जिसमें शीर्ष नेतृत्व द्वारा भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जांजगीर-चाम्पा के पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री एवं पार्षद अमित यादव को भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। जिसके लिये उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल का आभार जताया।



# ब्लैक स्पॉट को चिन्हांकित कर सुरक्षा के करें इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ब्लैक स्पॉट को चिन्हांकित कर सुरक्षा के कडे इंतजाम के साथ साथ सड़कों के जंक्शन पाइंट पर गति अवरोधक बनाने के निर्देश जारी किए गए है।

ज्ञात हो कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने मंगलवार 10 फरवरी को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा जनसुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर आर के तंबोली, संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी सहित जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग, राजकीय सड़कों एवं ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर हो रही दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों को चिन्हांकित कर वहां आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, ट्रैफिक सिग्नल एवं अन्य कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने कहा। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सहायक सड़कों के जंक्शन पॉइंट पर गति अवरोधक लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंनें चौक चौराहों के समीप अवैध रूप से किये गये कब्जा को हटाने एवं संबंधित के विरूद्ध कार्रवाही करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री पांडेय ने सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार करने कहा। उन्होंने दुर्घटनाजन्य स्थलों पर जिगजैग मार्किंग, रम्बल स्ट्रिप, साइन बोर्ड लगाने, सड़क किनारे झाड़ियों की छंटाई, रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था एवं वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने ओवर स्पीडिंग, ओवर लोडिंग पर कार्रवाई, स्कूली वाहनों एवं यात्री बसों की फिटनेस जांच तथा हाईवे किनारे ढाबों की नियमित जांच के निर्देश दिए। एसपी ने यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने तथा आमजन को नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे पर पेट्रोलिंग वाहन लगातार संचालित रहें तथा ओवर स्पीडिंग के विरुद्ध नियमित कार्रवाई की जाए।



# प्राथमिक शाला की बाउण्ड्रीवाल में असामाजिक तत्वों ने की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

शासकीय प्राथमिक शाला केसला के बाउण्ड्रीवाल निर्माण पर आसामाजिक तत्वों ने तोडफोड की है। इस मामले को लेकर ग्राम पंचायत में लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पतासाजी की जा रही है।

ज्ञात हो कि नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत केसला के शासकीय शाला के बाउण्ड्रीवाल निर्माण पर बीती रात आसामाजिक तत्वों ने तोडफोड कर दी। इस पूरे मामले को लेकर गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पतासाजी की जा रही है। साथ ही सरपंच द्वारा आरोपी को पकडने वालों पर ईनाम की घोषणा की है।



बाउण्ड्रीवाल में की गई तोडफोड

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 6वीं प्रवेश के लिए आवेदन तिथि आज

**सक्ती।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब इच्छुक विद्यार्थी 11 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पहले ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 फरवरी निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 11 फरवरी 2026 कर दिया गया है। इसके साथ ही ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार की अवधि भी बढ़ाई गई है। अब अभ्यर्थी 12 से 14 फरवरी तक अपने आवेदन में आवश्यक सुधार कर सकेंगे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व बाल विवाह रोकथाम को लेकर दिलाई शपथ

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना : 141 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत जिले के 141 पात्र जोड़ों का पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह कराया गया।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत मंगलवार 10 फरवरी को 141 पात्र जोडों का धार्मिक रीति रिवाजों के साथ विवाह हुआ। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल द्वारा सभी अतिथियों को कार्यक्रम की रुपरेखा से अवगत कराया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा अवगत कराया गया कि कन्या दान की वस्तु नहीं है, कन्या जन्मोत्सव को प्रोत्साहन, सामाजिक समरसता को प्रेरित करते हुये, नव दाम्पति को आशीर्वाद प्रदान किया गया। इसके साथ ही समाज में बालिकाओं के उन्मुखीकरण हेतु उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने एवं उनको आत्मनिर्भर बनाने के संबंध में प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही विभाग के विभित्र योजनाओ का प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ कराया गया। कार्यक्रम में विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता मिरी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू, जनपद पंचायत नवागढ़ अध्यक्ष श्रीमती शांता मनमोहन कश्यप, नंदिनी राजवाड़े, अमर सुलतानिया, इंजी. रवि पांडेय, श्रीमती रजनी सत्तु साहू, सहित जनप्रतिनिधि, सदस्य बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड, महिला एवं बाल विकास विभागीय से समस्त परियोजना अधिकारी एवं अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नव विवाहित जोड़ो को शुभकामनाएं प्रदान की।



सामुहिक विवाह के दौरान परिणय सूत्र में आबद्ध होते वर वधु

# दहेज के नाम पर प्रताडित कर आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित : पति समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलमुला

दहेज के नाम पर प्रताडित कर आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के मामले में पति समेत सास व ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के नरियरा का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नरियरा निवाासी श्रीमती जागृति श्रीवास का विवाह महेश कुमार श्रीवास निवासी नरियरा के साथ 2024 में सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुआ था। शादी के एक साल बाद दहेज के नाम पर उसे मानसिक रूप से प्रताडित किया जाने लगा। इसी दौरान 8 दिसंबर पुनः जागृति श्रीवास को पति महेश श्रीवास के द्वारा मारपीट करना तथा सास-ससुर के द्वारा गाली गुप्तार करना से परेशान होकर कीटनाशक जहर सेवन कर ली थी। जिसे ईलाज के लिये सिम्स अस्पताल बिलासपुर ले जाया गया, जहां पर उसकी मृत्यु होने से उसका शव पंचनामा कार्यवाही कार्यपालिक दंडाधिकारी बिलासपुर से कराया गया है। पुलिस ने पति- महेश श्रीवास, सास- राजकुमारी श्रीवास एवं ससुर अशोक श्रीवास के खिलाफ धारा 80,3(5) बीएनएस के तहत न्यायिक रिमांड पर गिरफ्तार कर लिया गया।



## खबर संक्षेप



### श्री गजानन महाराज प्रकट दिवस समारोह में शामिल हुए पूर्व मंत्री

**कोरबा।** बुधवारी महाराणा प्रताप नगर चौक के पास स्थित श्री गजानन सांई मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संयुक्त महाराष्ट्र सेवा मंडल एवं गणेश सेवा समाज के तत्वाधान में श्री गजानन महाराज प्रकट दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल भी पहुँचे। उन्होंने गजानन महाराज सहित मंदिर में स्थापित सभी देवी देवताओं की विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हुए कोरबावासियों के वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, प्रगति, स्वास्थ्य, सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए कामना किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि श्री गजानन विजय ग्रंथ अपने आप में एक सिद्ध ग्रंथ है, जिसका पारायण करने से मनोरथ पूरी होती है। श्री अग्रवाल ने कहा कि संयुक्त महाराष्ट्र सेवाएं मंडल, गणेश सेवा समाज के द्वारा प्रतिवर्ष श्री गजानन महाराज प्रकट दिवस समारोह मनाया जाता है। उन्होंने भंडारे में प्रसाद वितरण किया और प्रसाद ग्रहण भी किया।

### कनबेरी में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**कोरबा।** प्राथमिक शाला धनुहारपार, प्राथमिक शाला खैरभावना, प्राथमिक शाला कनवेरी माध्यमिक शाला कनबेरी द्वारा सामूहिक रूप से पांचवी एवं आठवीं के बच्चों को विदाई समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को ग्राम कनबेरी में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में श्रीमती मधु सोनी शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष मा,शा, कनबेरी विशिष्ट अतिथि अशोक खुराना संकुल समन्वयक जपेली एवं श्रीमती अर्चना सिंह प्रा,शा, सोनपुरी, जे एस परस्ते प्रधानपाठक, वीरेन्द्र राठौर प्रधानपाठक, पवन लाल जोशी प्रधानपाठक एवं विनय सोनवानी संकुल समन्वयक पड़निया उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथमिक स्तर पर प्रथम-प्राथमिक शाला कनबेरी, द्वितीय प्राथमिक शाला खैरभवना, तृतीय प्राथमिक शाला धनुहारपार माध्यमिक स्तर पर माध्यमिक शाला प्रथम-रहे बच्चों को पुरस्कृत किया गया और 5वीं एवं 8वीं के बच्चों को विदाई दिया गया। जिसमें धनुहारपार, खैरभवना एवं कनबेरी स्वसहायता समूह के द्वारा आंशिक न्यौता भोजन का आयोजन किया गया।

### जिला स्तरीय पशु मेला आयोजित



**कोरबा।** विभागीय गतिविधियों के प्रचार प्रसार एवं पशुपालकों को पशु पालन की ओर रुझान बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को ग्राम सलियांभाठा कोरबा में जिला स्तरीय पशु मेला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के उन्नत नस्ल के पशु पक्षियों का उत्कृष्ट प्रदर्शनी आयोजित हुई। कार्यक्रम में पशुपालकों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में 100 से अधिक पशुपालको द्वारा अपने पशु पक्षियों का प्रदर्शन किया गया। उन्नत पशुओं हेतु पशुपालकों को प्रोत्साहन स्वरुप अथितियों के करकमलों से पुरुस्कार वितरित किये गये। कार्यक्रम विकासखंड कोरबा अर्तत ग्राम सलिहाभांठा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य अथिति के रुप में जिला पंचायत के अध्यक्ष डॉ पवन सिंह, फूलसिंह राठिया विधायक विधानसभा क्षेत्र रामपुर, अध्यक्षता श्रीमती अमिलाबाई कंवर संरपंच ग्राम सलिहाभांठा, विशिष्ट अथिति के रुप में विनय कंवर अध्यक्ष जिला गौधाम समिति, श्रीमती सुष्मिता कमलेश अनंत जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती सावित्री अजय कंवर, सदस्य जिला पंचायत कोरबा, श्रीमती बिजमोती राठिया अध्यक्ष जनपद पंचायत कोरबा के आथित्य में संपन्न हुआ।

# जनपद और ग्राम पंचायत पीएम सूर्य घर योजना से नहीं लगा सकेंगी सोलर पैनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

अब जनपद और ग्राम पंचायत अपने स्तर पर किसी भी फर्म से पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत सोलर पैनल नहीं लगा सकेंगे। यह काम राज्य अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण (क्रेडा) को शासन के आदेश के तहत सौंपा गया है। शासकीय योजनाओं के तहत सोलर पैनल लगाने का काम शासकीय एजेंसी ही करेंगी। इस समय ग्रामीण अंचलों में पीएम आवास, जन मन आवास में सोलर पैनल लगाने का काम तेजी से चल रहा है।

पिछले कुछ समय से जिले के ग्रामीण अंचलों में सोलर पैनल लगाने के क्षेत्र में कई निजी कंपनियां भी सक्रिय हैं। जिनके द्वारा लोगों के घरों में सोलर पैनल लगाने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के ग्रामीण अंचलों में बन रहे जन मन और पीएम आवास में भी सोलर पैनल लगाने का काम योजना के हितग्राहियों के घरों में किया जा रहा है जिसमें कुछ हितग्राहियों के यहां निजी कंपनियों के द्वारा सोलर पैनल लगाए जाने की खबरें सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने जनपद और ग्राम पंचायतों को स्पष्ट रुप से निर्देश जारी कर सोलर पैनल लगाने के कार्य से अलग किया है। राज्य शासन के पहले से ही इस आशय के आदेश हैं इसके तहत किसी भी शासकीय योजना अंतर्गत लगाए जाने वाले सोलर पैनल का काम क्रेडा के द्वारा ही कराया जाता है लेकिन कुछ जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत अपने स्थानीय स्तर पर सोलर पैनल लगाने का काम निजी फर्मों को दे दिया जाता था। इससे क्रेडा को मिले कार्यों का हनन होता था। इसे देखते हुए यह आदेश जारी किया गया कि सोलर पैनल लगाने का काम जनपद और ग्राम पंचायत नहीं करेंगी यह कार्य क्रेडा के द्वारा ही कराया जाएगा।

### शासन के आदेश के तहत क्रेडा को दी गई जिम्मेदारी

**खास बात**

- ग्रामीण अंचलों में पीएम सूर्य घर योजना से जगह जगह लग रहा सोलर पैनल



**पहले से इसके आदेश हैं**

शासकीय योजनाओं के तहत सोलर पैनल लगाने का कार्य क्रेडा के द्वारा ही किया जाता है। इसके आदेश पहले से ही हैं और इस पर सख्ती से अमल भी किया जा रहा है।

-दीपक साहू
सहायक संचालक क्रेडा

### सौर सुजला योजना का काम क्रेडा के जिम्मे

जिले में किसानों के खेतों में फसल सिंचाई के लिए सौर सुजला योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगाने का काम क्रेडा के जिम्मे दिया गया है। इसके लिए हितग्राहियों को कृषि विभाग को आवेदन देना होता है और वहां से प्रकरण बनाकर क्रेडा को प्रेषित किया जाता है और राज्य शासन से मिले लक्ष्य के तहत ही किसानों के खेतों में क्रेडा ही सोलर पैनल लगाने का कार्य करता है। इसी तर्ज पर पीएम और जन मन योजना में भी क्रेडा को ही जिम्मेदारी दी गई है।

## बजट युवा संवाद में युवाओं ने जाना विकसित भारत का रोडमैप

# विकसित भारत 2047 के लिए बजट में ऐतिहासिक प्रावधान : सुशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार का लक्ष्य सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास के मंत्र के साथ 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि समग्र शिक्षा के लिए 60 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 80 हजार करोड़ रुपए, देश में रोजगार सृजन हेतु 1 लाख करोड़ रुपए, कौशल उन्नयन के लिए 25 हजार करोड़ रुपए और उद्योग स्थापना को बढ़ावा देने हेतु 40 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश करने वाले हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हैं।

**खास बात**

- उद्योग मंत्री, बेलतरा विधायक व महापौर हुए शामिल

उक्त बातें बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में बजट युवा संवाद कार्यक्रम के दौरान कही। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा युवाओं को केंद्र सरकार के बजट से सीधे जोड़ने के उद्देश्य से श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में भव्य बजट युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है और युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसर तैयार किए जा रहे हैं। यह बजट किसान की आय बढ़ाने वाला बजट है, भारत को विकसित भारत बनाने वाला बजट है, लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने वाला बजट है, भारत को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने वाला बजट है व्यापारियों को टैक्स के झंझटों से राहत देने वाला बजट है महिलाओं को समान अवसर देने वाला बजट है। इस संवाद में लगभग हजार से अधिक युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर बजट के प्रावधानों, रोजगार अवसरों और भविष्य की संभावनाओं पर खुलकर चर्चा की। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट युवाओं को अवसरों से जोड़ने वाला बजट है, जिससे शहर और प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के अध्यक्षता में आयोजित संवाद के दौरान युवाओं को रोजगार सृजन, शिक्षा, स्टार्टअप, कौशल विकास और आत्मनिर्भर भारत से जुड़े अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा युवाओं से प्रत्यक्ष संवाद कर उनके सुझाव और अपेक्षाएं भी जानी गई।



कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री, महापौर, बेलतरा विधायक व अन्य भाजपाई।

### अधोसंरचना और ग्रामीण विकास पर विशेष जोर : लखनलाल

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और छत्तीसगढ़ के निर्माता अटल बिहारी वाजपेई द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने गांव-गांव तक विकास पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 19 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान, छत्तीसगढ़ के लिए 9 सौ करोड़ रुपए का विशेष बजट, राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए 3 लाख 10 हजार करोड़ रुपए का ऐतिहासिक बजट ग्रामीण और शहरी भारत को जोड़ते हुए विकास की गति को और तेज करेगा।


# अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों ने जहर खाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों ने जहर खाकर मौत को गले लगा लिया है। बताया जाता है कि दो आदतन शराबी थे जो शराब के नशे में धुत होकर जहर खाकर मौत को गले लगाया है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लीमडीह की है यहां निवासरत धर्म सिंह 32 वर्ष पिता जतीराम आदतन शराबी था जो पिछले कई दिनों से लगातार शराब का सेवन कर रहा था और शराब के नशे में धुत होकर धर्म सिंह ने जहर खा लिया था। उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान धर्म सिंह की मौत हो गई है। दूसरी घटना उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तुमान निवासरत कृष्ण कुमार 40 वर्ष पिता रतिराम ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया था। जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो परिजनों को पता चला जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान कृष्ण कुमार की मौत हो गई। तीसरी घटना भी उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम जर्वे परसाभांठा की है यहां निवासरत हिंसाराम 60 वर्ष पिता चमार साय ने भी जहर खाकर मौत को गले लगा लिया है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है

# बाइक में लगी आग, जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला चौकी क्षेत्र के ग्राम पड़निया में रविवार शाम एक खड़ी बाइक में अचानक आग लग गई। इस घटना के दौरान बाइक का चालक मनीराम यादव जो शराब के नशे में था, वाहन के पास ही सो रहा था। मनीराम यादव सर्वमंगला की ओर से अपने गृह ग्राम पड़निया जा रहा था। नशे की वजह से उसने अपनी बाइक सडक़ किनारे खड़ी कर दी और वहीं सो गया था। इसी दौरान उसकी बाइक में अचानक आग लग गई। आग कैसे लगी, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग लगने के बाद पेट्रोल टंकी फटने से अफरा-तफरी मच गई। कुछ राहगीरों की नजर जलती हुई बाइक और उसके पास सो रहे चालक पर पड़ी। उन्होंने तुरंत मनीराम यादव को जलती बाइक से दूर हटाया। कुछ ही देर में बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

# मत्स्य नीति की ठेका व्यवस्था का विस्थापित आदिवासी मछुआरों ने किया विरोध, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मिनीमाता हसदेव (बांगो) जलाशय में लागू ठेका व्यवस्था के विरोध में बांगो बांध से विस्थापित आदिवासी समुदायों एवं हसदेव बांध क्षेत्र की 22 पंजीकृत मछुआरा सहकारी समितियों के संयुक्त संगठन विस्थापित आदिवासी मछुआरा संघर्ष समिति के नेतृत्व में तानसेन चौक से कलेक्टर कार्यालय, कोरबा तक शांतिपूर्ण रैली निकाली गई। रैली के उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

छग किसान सभा ने बांगों डेम से प्रभावित विस्थापितों की मांगों का समर्थन करते हुए मत्स्य पालन और पकड़ने का अधिकार प्रभावितों को देने की मांग की। मछुआरा संघर्ष समिति के संयोजक फिरतू बिझवार एवं कृष्णा कुमार ने बताया कि छत्तीसगढ़ मत्स्य नीति 2022 के तहत जलाशयों को ठेका प्रणाली पर देने से विस्थापित आदिवासी एवं पारंपरिक मछुआरा समुदायों का शोषण हो रहा है। जिन समुदायों की जमीन, जंगल और गांव बांगो बांध के कारण डूबे, उन्हीं को आज अपने ही जलाशय में ठेकेदारों के अधीन काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। सरबोध, दीपक मंझवार, धनसाय, रविन्द्र सिदार ने कहा कि मिनीमाता हसदेव जलाशय का जल क्षेत्र वर्ष 2005 से पूर्व की पारंपरिक ग्राम सीमाओं के अंतर्गत आता है और इस पर वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत सामुदायिक वन संसाधन अधिकार का वैध दावा बनता है। इसके बावजूद ग्राम सभाओं द्वारा पारित प्रस्तावों की अनदेखी कर ठेका दिया गया है। ज्ञापन में हाल के दिनों में मछुआरा समुदाय के साथ हुई धमकी, अवैध वसूली तथा मछली जाल की जब्ती जैसी घटनाओं का उल्लेख करते हुए जान—माल की सुरक्षा की मांग भी की गई। संगठनों ने स्पष्ट किया कि वे ठेका व्यवस्था को स्वीकार नहीं करते और किसी भी स्थिति में ठेकेदार के लिए कार्य नहीं करेंगे। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं सूरजपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप सिंह ने मछुवारों के आंदोलन का समर्थन कर रैली में शामिल हुए और प्रशासन से मांग की है कि ठेका व्यवस्था पर तत्काल रोक लगाई जाए, ग्राम सभाओं के अधिकारों को मान्यता दी जाए, रॉयल्टी आधारित सामुदायिक मत्स्य व्यवस्था लागू की जाए तथा मछुआरा समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।




रैली निकालते मछुवा सहकारी समिति संगठन।

### पति ने पत्नी पर गैंती से किया हमला, मौत

**कोरबा।** शादी के 18 साल बीत जाने के बाद भी संतान सुख की प्राप्ति नही होने पर दंपति के बीच अक्सर वाद विवाद की स्थिति निर्मित होती थी। एक सप्ताह पहले ही विवाहिता अपने मायके पहुंची थी और जहां शाम को उसका पति भी अपने ससुराल पहुंचा। दोनों दपंत्ति के बीच फिर से संतान नहीं होने की बात को लेकर वाद विवाद होने लगा और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि उसने घर में रखे गैंती से अपनी पत्नी पर ताबड़तोड़ हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। हत्या की वारदात को अंजाम देने में वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। जानकारी के अनुसार हत्या की वारदात कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम ढेलवाडी में घटित हुई है। बताया जाता है कि 18 साल पूर्व ढेलवाडीह निवासी रैना यादव उम्र 36 वर्ष शादी दीपिका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रंजना निवासी तुलसी प्रसाद यादव 37 वर्ष के साथ हुई थी शादी के वर्षों बीत जाने के बाद भी दोनों को संतान सुख की प्राप्ति नहीं हो रही थी और इसी बात को लेकर दोनों में अक्सर वाद विवाद की स्थिति निर्मित होती थी। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रैना यादव एक सप्ताह पहले ही अपने मायके ढेलवाडीह गई हुई थी।

# दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो नाबालिक लड़कियों के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अजांम देने वाले आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास व दो हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेलवाडीह निवासी आरोपी व्यासनारायण सोनवानी के द्वारा अपने ही क्षेत्र की दो नाबालिक लड़कियों को बहला फुसलाकर दुष्कर्म की घटना को अजांम दिया था। जिसपर कटघोरा पुलिस ने आरोपी व्यासनारायण के खिलाफ मामले को न्यायालय में पेश किया था। जहां आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायालय एफटीएससी (पाक्सो) कटघोरा ने आजीवन सश्रम कारावास (जो उसके शेष प्राकृत जीवनकाल के लिए कारावास से अभिप्रेत होगा) एवं 2 हजार रू के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक (पाक्सो) कटघोरा शोधन राम देवांगन ने की है।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने श्रमिक संगठनों ने झोंकी ताकत

**कोरबा।** केंद्र सरकार द्वारा लागू किये गये चार लेबर कोड के विरोध समेत अन्य मुद्दों को लेकर 12 फरवरी की प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा ने पूरी ताकत झोंक दी है। कोल इंडिया की हर कंपनी में मजदूर कन्वेंशन किया गया. फिलहाल सभी माइंसों में पिट मीटिंग की जा रही है। इस हड़ताल में कोयला, लोहा, बिजली, रेल, सेल, भेल, एलआइसी, जीआइसी, बैंक, डिफेंस, ट्रांसपोर्ट, आंगनबाड़ी, स्कील्ड वर्कर के अलावा राज्य व केंद्र सरकार के कर्मचारी शामिल रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व नौ जुलाई 2025 को भी चार लेबर कोड के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल हुई थी और इसमें लगभग 36 करोड़ संगठित व असंगठित क्षेत्र के मजदूर व कर्मचारी शामिल हुए थे। 12 फरवरी की प्रस्तावित हड़ताल में देश की 11 रजिस्टर्ड ट्रेड यूनियनें शामिल हैं। इसमें इंटक, एटक, एचएमएस, सीटू, एक्टू, यूटीयूसी, यूटीयूसी लेनिन सरनी, एआइयूटीयूसी, सेवा, एलपीएफ, स्वतंत्र फेडरेशन के अलावा कई रिजनल यूनियनें शामिल हैं एकमात्र भारतीय भारतीय मजदूर संघ इस हड़ताल में शामिल नहीं है। 12 फरवरी की प्रस्तावित देशव्यापी हडताल में कोयला उद्योग से जुड़ी सात मांगें जिनमें कोड ऑन वेजेजे-2019, इंडस्ट्रीयल रिलेशन कोड-2020, कोड ऑन सोशल सिक्यूरिटी-2020, ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वेलफेयर कंडिशनस-2020 को निरस्त करने, जेबीसीसीआइ-12 का गठन, ग्रेच्युटी सिलिंग में वृद्धि, कोल इंडिया व इसकी अनुषांगिक कंपनियों में विनिवेश पर रोक, आउटसोर्स से कोयला उत्पादन पर रोक, कॉमर्शियल माइनिंग पर रोक, एक्सप्लोरेशन, ड्रिलिंग व प्लानिंग के लिए 44 कंपनियों को दिये गये लाइसेंस को रद्द करने की बात शामिल है। केंद्रीय मांगों में चार लेबर कोड को निरस्त करने, मनरेगा का नाम नहीं बदलने, इंश्योरेंस कंपनी में सौ फीसदी विदेशी पूंजी पर रोक, बिजली बिल-2025 संशोधन बिल वापस लेने, शीड बिल-2025 ससधन वापस लेने की बातें शामिल हैं।

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम खोखरा प.ह.नं. 18 रा.नि.म.. सुकली तहसील जांजगीर खसरा नंबर 158/2 रकबा 0.049 हेक्टेयर (12 डिसमील) जो विक्रेता /भूमिस्वामी प्रियंका रानी सिंह उम्र 40 वर्ष पति जितेन्द्र सिंह जाति क्षत्रिय निवासी ग्राम धुरकोट तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। इस भूमि को मेरे पक्षकार क्रेता अंकित अग्रवाल उम्र 37 वर्ष पिता श्री हरिशंकर अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी शिवराम कालोनी अकलतरा रोड जांजगीर तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा तय कर अग्रिम बयाना राशि दे चुके है, तथा निकट भविष्य में इस भूमि का विधिवत् उपपंजीयक कार्यालय जांजगीर में पंजीयन निष्पादित होना तय है। इस भूमि के खरीदी बिक्री बाबत् किसी भी व्यक्ति को या राष्ट्रीयकृत बैंको व वित्तीय संस्थानो या ग्राम पंचायत को या राजस्व विभाग को अथवा अन्य किसी को भी कोई भी किसी भी प्रकार का दावा, आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर समस्त कागजात सहित दावा, आपत्ति मेरे कार्यालय में कर सकते है, उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी दावा, आपत्ति स्वीकार नही किया जावेंगा, एवं क्रेता भूमि का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा।
सो, सूचना जाने।
जांजगीर
दिनांक 10/02/2026

भवदीय
विनीत कुमार राठौर
नोटरी / अधिवक्ता जांजगीर
मो.नं. 9826743538

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम खोखरा प.ह.नं. 18 रा.नि.म. सुकली तहसील जांजगीर खसरा नंबर 159/2 रकबा 0.0536 हेक्टेयर (13 डिसमील) जो विक्रेता /भूमिस्वामी रामसंजीवन सूर्यवंशी उम्र 66 वर्ष पिता जनक राम सूर्यवंशी जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम खोखरा तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। इस भूमि को मेरे पक्षकार क्रेता अंकित अग्रवाल उम्र 37 वर्ष पिता श्री हरिशंकर अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी शिवराम कालोनी अकलतरा रोड जांजगीर तहसील जांजगीर, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा तय कर अग्रिम बयाना राशि दे चुके है, तथा निकट भविष्य में इस भूमि का विधिवत् उपपंजीयक कार्यालय जांजगीर में पंजीयन निष्पादित होना तय है। इस भूमि के खरीदी बिक्री बाबत् किसी भी व्यक्ति को या राष्ट्रीयकृत बैंको व वित्तीय संस्थानो या ग्राम पंचायत को या राजस्व विभाग को अथवा अन्य किसी को भी कोई भी किसी भी प्रकार का दावा, आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर समस्त कागजात सहित दावा, आपत्ति मेरे कार्यालय में कर सकते है, उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी दावा, आपत्ति स्वीकार नही किया जावेंगा, एवं क्रेता भूमि का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा।
सो, सूचना जाने।
जांजगीर
दिनांक 10/02/2026

भवदीय
विनीत कुमार राठौर
नोटरी / अधिवक्ता जांजगीर
मो.नं. 9826743538

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम खोखरा प.ह.नं. 18 रा.नि.म. सुकली तहसील जांजगीर खसरा नंबर 57/5 रकबा 0.080 हेक्टेयर (20 डिसमील) जो विक्रेता /भूमिस्वामी ज्ञान प्रकाश सूर्यवंशी पिता मालिक राम सूर्यवंशी जाति सूर्यवंशी, एवं खसरा नंबर 57/14 रकबा 0.0610 (15 डिसमील) विक्रेता सूर्य प्रकाश वगै. पिता रामशंकर सूर्यवंशी एवं खसरा नंबर 57/13 रकबा 0.0610 (15 डिसमील) विक्रेता तुलाराम सूर्यवंशी पिता मालिक राम सूर्यवंशी (कुल खसरा नंबर-03) कुल रकबा 0.202 हेक्टेयर (50 डिसमील) सभी निवासी ग्राम खोखरा तहसील जांजगीर, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। इस भूमि को मेरे पक्षकार क्रेता अंकित अग्रवाल उम्र 37 वर्ष पिता श्री हरिशंकर अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी शिवराम कालोनी अकलतरा रोड जांजगीर तहसील जांजगीर, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा तय कर अग्रिम बयाना राशि दे चुके है, तथा निकट भविष्य में इस भूमि का विधिवत् उपपंजीयक कार्यालय जांजगीर में पंजीयन निष्पादित होना तय है। इस भूमि के खरीदी बिक्री बाबत् किसी भी व्यक्ति को या राष्ट्रीयकृत बैंको व वित्तीय संस्थानो या ग्राम पंचायत को या राजस्व विभाग को अथवा अन्य किसी को भी कोई भी किसी भी प्रकार का दावा, आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर समस्त कागजात सहित दावा, आपत्ति मेरे कार्यालय में कर सकते है, उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी दावा, आपत्ति स्वीकार नही किया जावेंगा, एवं क्रेता भूमि का पंजीयन, अपने पक्ष में करा लेगा।
सो, सूचना जाने।
जांजगीर
दिनांक 10/02/2026

भवदीय
विनीत कुमार राठौर
नोटरी/अधिवक्ता जांजगीर
मो.नं.- 9826743538

जाँजगीर मार्केट

आदित्य प्लाई, हार्डवेयर, फर्नीचर
मो. 6260115021
प्लाई, सनमाइका, फेवीकोल, सेंट्रींग प्लाई, वॉल पेपर, मंदिर दरवाजे, खिड़की, चौखट, तखत, टेबल, सोफा सेट, दीवान पलंग, सेंट्रींग फर्मा, गद्दे, तकीये एवं शादी विवाह के संपूर्ण समान थोक एवं चिल्हर
एक छत के नीचे कम दाम पर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठान: सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग सभी प्रकार की ईमारती लकड़ी एवं सैंट्रिंग की लकड़ी कम दर पर प्राप्त करें।
लिंक रोड, नेताजी चौक, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास जांजगीर मो.9302362173

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त




# द केरल स्टोरी 2- गोज बियॉन्ड का दूसरा गाना रिलीज

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरल स्टोरी 2 - गोज बियॉन्ड'का इमोशनल गाना 'ओ माई री'रिलीज हो गया है। इस गाने में श्रेया घोषाल ने अपनी खूबसूरत आवाज दी है, जिसने इसे और भी इमोशनल बना दिया है। पहले पार्ट 'द केरल स्टोरी'ने अपनी बेबाक कहानी से देशभर में बहस छेड़ दी थी। अब इसका सीक्वल उससे भी ज्यादा इंटेंस नजर आ रहा है। हाल ही में इस फिल्म का दूसरा गाना 'ओ माई री'रिलीज किया गया है। ओ माई री'गाना मां और बच्चे के रिश्ते को समर्पित है। यह गाना मां के उस निःस्वार्थ प्यार, सुरक्षा और अपनेपन को महसूस कराता है, जो हर बच्चे के लिए सबसे बड़ा कवच होता है।

## लाइफ Style

# तृप्ति

## खुद की जिंदगी से जोड़ी ओ रोमियो की कहानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तृप्ति डिमरी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'ओ रोमियो' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 'वैलेंटाइन डे' से एक दिन पहले 13 फरवरी को रिलीज होने वाली है। फिल्म में तृप्ति डिमरी अफशा का किरदार निभाएंगी। इसमें उनके साथ शाहिद कपूर अहम किरदार में हैं।

हाल ही में अभिनेत्री ने बताया है कि वह ट्रोल होने पर कैसा महसूस करती हैं। उन्होंने कहा 'मैं रोती हूं। इंसान हूं, इसलिए कभी-कभी बहुत रोती भी हूं। लेकिन, अगर कोई मेरी फिल्म या मेरे काम को लेकर आलोचना करे, तो मैं उस पर नहीं रोती। मैं इसे ऐसे लेती हूं कि किसी को मेरा काम पसंद आएगा, किसी को नहीं। सबको खुश करना संभव नहीं है।'

उन्होंने आगे कहा 'हां, अगर कोई पर्सनल कमेंट कर दे, तो वह बात मुझे बुरी लगती है। बिल्कुल अच्छा नहीं लगता। लेकिन फिर भी, मैं उस पर रोती नहीं हूं। मुझे कोई इतनी आसानी से रुला नहीं सकता।' तृप्ति डिमरी ने प्यार पर अपनी बात रखते हुए कहा 'अगर मैं खुद को फिल्म की लव स्टोरी में रखूं, तो जिस बात से मैं सबसे ज्यादा जुड़ पाती हूं, वह है इस कहानी में मौजूद प्यार की सच्चाई। मुझे हमेशा लगता है कि प्यार ऐसा ही होना चाहिए। सीधा, साफ और बिल्कुल पवित्र। यही चीज इस कहानी में भी है। यही बात मेरी अपनी रियल लाइफ से भी सबसे ज्यादा मिलती है। फिल्म 'ओ रोमियो' एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसके लेखक और निर्देशक विशाल भारद्वाज हैं। इसके निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# सुपर बाउल... पर दिखा बैड का जलवा

**लॉस एंजिल्स।** रविवार रात सांता क्लारा के लेवीज स्टेडियम में सुपर बाउल LX हाफटाइम शो हुआ। शो में ग्रैमी अवॉर्ड विजेता बैड बनी ने पूरा माहौल बदल कर रख दिया। इस शाम हॉलीवुड के कई कलाकार शो का मजा लेने पहुंचे। बैड बनी ने सुपर बाउल में इतिहास रच दिया। वह सुपर बाउल के हाफटाइम शो में पहले स्पैनिश भाषा में गाने वाले लैटिन सोलो आर्टिस्ट बने। सुपर बाउल वीकेंड पर हॉलीवुड का पूरा ग्लैमर देखने को मिला। मशहूर सितारे लियोनार्डो डिकैप्रियो, टोबी मैग्वायर, सुपर मॉडल केंडल जेनर और सिंगर लेडी गागा जैसे कलाकार शामिल हुए।



# शादी से पहले प्रेग्नेंसी को लेकर अफवाह

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के क्यूट कपल जेंडया और टॉम हॉलैंड को लेकर एक नई अफवाह उड़ी है। सोशल मीडिया पर दावे किए जा रहे हैं कि एक्ट्रेस मां बनने वाली हैं। यह चर्चा ऐसे समय में सामने आई है, जब सगाई के बाद दोनों की शादी की चर्चाएं भी जोर-शोर से चल रही हैं। जेंडया और टॉम हॉलैंड को हाल ही स्पॉट किया गया। वायरल तस्वीरों को देखकर ही एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी की अटकलों ने जोर पकड़ा है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब ऐसी अफवाह उड़ी है। इससे पहले जब ऐसा हुआ था, तब जेंडया की मां, क्लेयर स्टॉर्मर ने इन दावों को सख्ती से खारिज कर दिया था और लोगों से बेहतर सोर्स पर भरोसा करने की अपील की थी। बहरहाल, इस बीच कई फैंस और ऑनलाइन कमेंटेटर्स का कहना है कि एक्ट्रेस जिस तरह बड़े साइज के कपड़े पहन रही हैं, यह सर्दियों में कई लेयर्स में पहने जाने वाले कपड़ों से अलग है।



# सनी की कैनेडी ओटीटी पर देगी दस्तक

**मुंबई।** अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'कैनेडी' आखिर भारतीय दर्शकों तक पहुंचने वाली है। साल 2023 में इस थ्रिलर फिल्म को कान फिल्म फेस्टिवल में करीब सात मिनट का स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। मगर, भारत में यह फिल्म अब तक रिलीज नहीं हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देगी। रविवार को इसका ट्रेलर रिलीज हुआ है। फिल्म 'कैनेडी' इसी महीने रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का प्रीमियर 20 फरवरी से जी5 पर होगा। फिल्म 'कैनेडी' में सनी लियोनी के अलावा राहुल भट्ट लीड रोल में हैं। राहुल ने पुलिस अफसर का रोल निभाया है। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसकी कहानी एक पूर्व पुलिस अफसर के इर्द-गिर्द घूमती है। वह सोता नहीं है और उसे काफी समय से मरा हुआ समझ लिया गया है। पुलिस ऑफिसर को इसकी परवाह नहीं है।



# व्हाट्सएप फैक्ट्रियां बना रहीं कहानी

**मुंबई।** संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बन रही फिल्म 'स्पिरिट' शुरू से चर्चा में है। बीते रविवार ऐसी खबरें सामने आईं कि दीपिका के बाद अब प्रकाश राज भी 'स्पिरिट' से हट गए हैं। फिल्म 'स्पिरिट' से अपने बाहर होने की अफवाहों को बढ़ता देख प्रकाश राज ने सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से आज सोमवार को एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें लोगों से अफवाहें न फैलाने की बात कही है। एक्टर ने लिखा है, 'सभी टॉक्सिक फर्जी खबरें फैलाने वालों को 'स्पिरिट' फिल्म के बारे में बताना चाहता हूं। हमने अभी तक मेरे सीन्स की शूटिंग शुरू भी नहीं की है और व्हाट्सएप फैक्ट्रियां कहानियां बना रही हैं। थोड़ी समझदारी दिखाओ। अपनी जिंदगी जियो'।

## टीवी मसाला



# पलक झपकते ही बदल जाती है शैतान की कहानी

**नई दिल्ली।** 2 घंटे 12 मिनट की फिल्म में हॉरर, सस्पेंस की कोई कमी नहीं दिखेगी। जो लोग दिमाग हिलाने वाला सस्पेंस चाहते हैं उनके लिए ये फिल्म बिल्कुल परफेक्ट है। नेटफ्लिक्स पर मौजूद ये फिल्म शैतान है। इस फिल्म में डर ही एक भाषा की तरह है, इसलिए भाषा कोई बाधा नहीं है। सुपरनेचुरल हॉरर फिल्म शैतान गुजराती में रिलीज हुई वश की रीमेक है।फिल्म की कहानी बहुत सिंपल है। कबीर ऋषि (अजय देवगन) अपनी पत्नी ज्योति (ज्योतिका), बेटी जाह्नवी (जानकी बोडिवाला) और बेटे ध्रुव (अंगद राज) के साथ छुट्टियां मनाने अपने फार्महाउस जाता है। कार से यात्रा करते हुए, वे रास्ते में एक ढाबा पर खाना खाने के लिए रुकते हैं। वहां वनराज (माधवन) किसी तरह उनकी मदद करता है और दोस्ती कर लेता है। इसी दौरान वनराज द्वारा दी गई मिठाई खाने के बाद जानवी पूरी तरह वनराज के नियंत्रण में आ जाती है। वनराज पीछा करते हुए फार्महाउस तक पहुंचता है और जानवी को अपने इशारे पर चलाता है। वह उसे अपने पास देने की मांग करता है, जिससे माता-पिता के लिए यह बड़ा संकट बन जाता है। माता-पिता और वनराज के बीच संघर्ष में क्या जानवी बच पाई या खो गई? वनराज की पृष्ठभूमि क्या है? यही फिल्म की आगे की कहानी है। फिल्म की शुरुआत काफी हल्की-फुल्की होती है। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, अनपेक्षित घटनाएं दर्शकों को बांध लेती हैं। खासकर माधवन की एंट्री से ही लगता है कि कुछ बड़ा होने वाला है। एक ही घर, सिर्फ पांच किरदार, 2 घंटे में जो घटनाएं और ट्विस्ट होते हैं, वे चौंका देते हैं।

## पति अपूर्व से अलग रहती हैं दिव्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो द 50 इस वक्त जियोहॉटस्टार और कलर्स टीवी पर प्रसारित हो रहा है। 50 दिनों तक 50 लाख के लिए हो रहे इस गेम शो में



आए दिन कोई न कोई नई भसड़ देखने को मिलती है। लेटेस्ट एपिसोड में एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल पर को-कंटेस्टेंट भाव्या सिंह ने काफी पर्सनल कमेंट्स किए। दावा किया कि वह 'गोल्ड डिगर' हैं और पति अपूर्व पडगांवकर से अलग रहती हैं। बैल और बुद्धि टास्क के दौरान इनके बीच बहस शुरू हुई थी और पीठ पीछे एक-दूसरे की छीछालेदर की। दिव्या ने युविका चौधरी से कहा कि वह अपने पति को बहुत मिस कर रही हैं। उसने उनकी लाइफ को पूरी तरह से बदल दिया है। 'वो बहुत ही शांत और प्यारा इंसान है। मैंने उसके आगने के बाद अपनी लाइफ में दोस्त बनाने शुरू किए। उसने मुझे दोस्ती का मतलब सिखाया है।' इधर, भाव्या ने दावा किया कि दिव्या और अपूर्व साथ नहीं रहते, 'दिवाली पर असली पटाखे तो इसके घर पर फूटे थे।

# गोदभराई में लैमन ग्रीन लहंगे में खूब दमकीं सोनम



**मुंबई।** अभिनेत्री सोनम कपूर अपनी एक्टिंग ही नहीं, फैशन सेंस के लिए भी मशहूर हैं। मौका कोई भी हो वे अपने स्टाइल से सबको चौंका देती हैं। एक्ट्रेस दूसरी बार मां बनने वाली हैं। रविवार को उनकी गोदभराई की रस्म हुई। होने वाले बच्चे को आशीर्वाद देने तमाम सितारे पहुंचे। सोनम कपूर ने बेबी शावर में लाइम ग्रीन कलर की ड्रेस पहनीं। उन्होंने अपनी गोदभराई की फोटोज अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। सोनम कपूर की गोदभराई में अभिनेता अनुपम खेर भी पहुंचे। उन्होंने सोनम कपूर की फोटो शेयर करते हुए उन्हें शुभकामना दी है। अनुपम खेर ने लिखा है, 'प्यारी सोनम तुम्हें गोदभराई की शुभकामनाएं। खूब प्यार और आशीर्वाद'। सोनम ट्रेडिशनल लुक में बेहद प्यारी लग रही हैं। हैवी ज्वैलरी से उन्होंने अपना लुक कंपलीट किया है। सोनम कपूर की गोदभराई के कार्यक्रम में डेकोरेशन भी खास की गई। फूलों से घर को सजाया गया। सोनम कपूर की कजिन अंशुला कपूर ने गोदभराई फंक्शन की इनसाइड फोटोज शेयर करते हुए उन्हें बधाई दी हैं। इसके अलावा मसाबा गुप्ता भी प्रोग्राम में शामिल हुईं। उन्होंने भी फोटो शेयर की है। गोदभराई की रस्म की इनसाइड फोटोज शेयर करते हुए तमाम सेलेब्स ने सोनम कपूर और आनंद आहूजा को बधाई दी है। आनंद आहूजा और सोनम ने साल 2018 में शादी रचाई थी। अगस्त 2022 में कपल ने पहली संतान के रूप में बेटे का स्वागत किया। बेटे का नाम उन्होंने वायु रखा है। अब यह खूबसूरत जोड़ी अपनी दूसरी संतान का स्वागत करेगी। अभिनेत्री सोनम कपूर ने साल 2007 में फिल्म 'सांवरिया' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

# बॉलीवुड की वो फिल्म, जिसे बनने में लगे 23 साल रिलीज से पहले हुई 2 लीड एक्टर, डायरेक्टर की मौत

**नई दिल्ली।** कई बार देखा गया है कि फिल्मों को बनने में कई साल लग जाते हैं। कई बार डायरेक्टर और स्टार्स के बीच अनबन की वजह से ऐसा होता है तो कई बार बजट को लेकर, या फिर फीस को लेकर भी समस्याएं आती हैं। इन कारणों के चलते भी फिल्में सालों तक लटकी रहती हैं। इनके चलते कुछ फिल्मों को सिनेमाघरों तक पहुंचने में लंबा समय लग जाता है। आज हम आपको एक ऐसी ही फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे बनने में 23 साल लगे।

***1963 में शुरू हुई थी फिल्म की शूटिंग :*** हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसकी शूटिंग 1963 में शुरू हुई थी, लेकिन यह 1986 में रिलीज हुई। आपको जानकर हैरानी होगी कि जब तक ये फिल्म पर्दे पर आई इसके दो कलाकार और एक निर्देशक की मौत हो चुकी थी। इसके बाद निर्देशक की पत्नी ने फिल्म का निर्देशन पूरा किया। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, वह है 'लव एंड गॉड' , जिसे 'कैस और लैला' के नाम से भी जाना जाता है ।



***मेन लीड की हुई मौत :*** फिल्म 'लव एंड गॉड' लैला और मजनू की पौराणिक प्रेम कहानी पर आधारित थी । गुरु दत्त ने कैस की भूमिका निभाई थी, जबकि निम्मी ने लैला का किरदार निभाया था। लेकिन, 1964 में दत्त का अचानक निधन हो गया और कैस के रोल के लिए नए कलाकार को लेना पड़ा। इसके बाद इस रोल के लिए संजीव कुमार को चुना गया। हालांकि, त्रासदी फिर से घटित हो गई। 1970 में फिर से फिल्म की शूटिंग शुरू हुई।

### *15 साल बाद किया रिलीज का फैसला*

*15 साल बाद आसिफ की पत्नी अख्तर आसिफ ने अधूरी फिल्म को रिलीज करने का फैसला किया। उन्होंने निर्माता-निर्देशक-वितरक के.सी. बोकाडिया की मदद ली। फिल्म की बची हुई शूटिंग अलग-अलग तीन स्टूडियो में पूरी की गई और फिल्म को रिलीज किया गया, लेकिन फिल्म रिलीज से पहले 1985 में फिल्म के लीड एक्टर संजीव कुमार की भी मौत हो गई। उनकी मौत के बाद आखिरकार, जैसे-तैसे इस फिल्म को 27 मई 1986 को बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया। इन्हीं घटनाओं की वजह से 'लव एंड गॉड' फिल्म को मनहूस कहा जाता है। क्योंकि, इस फिल्म को बनाने के दौरान एक्टर से लेकर डायरेक्टर-प्रोड्यूसर तक की मौत हो गई थी। हालांकि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही।*

## फरवरी का दूसरा सप्ताह भी होगा धमाकेदार

# वैलेन्टाइन वीक में रिलीज होंगी ये सीरीज और फिल्में

*नई दिल्ली। फरवरी का महीना है। वैलेन्टाइन वीक चल रहा है। मोहब्बत वाले इस महीने में अगर आप घर बैठे कोई बढ़िया सी मूवी या सीरीज देखना चाहते हैं तो ओटीटी पर आपके लिए दिलचस्प विकल्प हैं। इस सप्ताह ओटीटी के पिटारे में कई बढ़िया फिल्में और सीरीज हैं।*







### अमर विश्वास

छोटे पर्दे से लेकर फिल्मों तक अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले राजीव खंडेलवाल अपनी नई सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं। वे कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'अमर विश्वास' में नजर आएंगे। इसमें वे वकील की भूमिका अदा करने वाले हैं। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर 11 फरवरी से स्ट्रीम होगी। इसमें आमिर अली, बरखा बिष्ट और रवि बहल जैसे सितारे भी नजर आएंगे।

### कोहरा सीजन 2

वेब सीरीज 'कोहरा' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इसका दूसरा सीजन फरवरी से स्ट्रीम होगा। बरुण सोबती और मोना सिंह अभिनीत यह सीरीज 11 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। मोना सिंह इस सीरीज में एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आएंगी।

### माना शंकरा वर प्रसाद गारू

चिरंजीवी, वेंकटेश और नयनतारा अभिनीत यह फिल्म भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। इस तेलुगु एक्शन कॉमेडी फिल्म का निर्देशन अनिल रविपुड़ी ने किया है। थिएटर्स में यह फिल्म 12 जनवरी 2026 को रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म 11 फरवरी से जी5 पर स्ट्रीम होगी।

### थलाइवर थंबी थलाइमायिल

इस वीक ओटीटी पर साउथ फिल्मों का बोलबाला है। तमिल फिल्म 'थलाइवर थंबी थलाइमायिल' इस वीक की लिस्ट में शामिल है। नितीश सहदेव द्वारा निर्देशित यह पॉलिटिकल सटायर फिल्म 11 जनवरी को सिनेमाघरो में रिलीज हुई थी। फिल्म में जीवा, थम्बी रमैया और इलावरसु जैसे सितारे हैं। यह 12 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

### भानुप्रिया भूतर होटल

यह एक बंगाली हॉरर कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म उत्तरी बंगाल की पहाड़ियों में स्थित एक आलीशान होटल पर आधारित है। इसमें मिमी चक्रवर्ती, सोहम मजूमदार, बोनी सेनगुप्ता और स्वास्तिका दत्ता जैसे कलाकार हैं। इसका निर्देशन अरित्र मुखर्जी ने किया है। यह फिल्म 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसे 13 फरवरी से जी5 पर देखा जा सकता है।

### द कॉन्ज्यूरिंग: लास्ट राइट्स

यह अमेरिकी सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म बीते वर्ष सितंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर दस्तक देगी। इसका निर्देशन माइकल चेव्स ने किया है। इस फिल्म में वेरा फार्मिगा, पैट्रिक विल्सन, मिया टॉमलिंसन और बेन हार्डी जैसे सितारे हैं। ओटीटी पर यह फिल्म 13 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग कप में अभिषेक ने जीते स्वर्ण व रजत पदक

**जांजगीर-चांपा।** थाना चांपा में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक बी.पी. खांडेकर के सुपुत्र अभिषेक



खांडेकर ने नई दिल्ली के केडी जाधव स्टेडियम में 4 से 8 फ़रवरी तक आयोजित वाको इंडिया इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग कप में सैकड़ो खिलाड़ियों के बीच शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किया। वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों सहित कई विदेशी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबलों के बीच छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए अभिषेक ने उत्कृष्ट तकनीक, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय दिया और अपने वर्ग में दमदार प्रदर्शन कर दो पदक हासिल किए। अभिषेक ने मिडिया से चर्चा के दौरान बताया कि वे लंबे समय से किक बॉक्सिंग का प्रशिक्षण ले रहे हैं और लगातार प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। उनकी सफलता के पीछे माता-पिता का मार्गदर्शन और प्रशिक्षकों का समर्पित सहयोग महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने आगे बताया कि उनकी बेचलर ऑफ़ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री इसी साल पूरी हुई है वे आगे इसी में मास्टर्स करेंगे पर वे अपना करियर किक बॉक्सिंग में ही बनना चाहते हैं।

### सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने लिंक रोड में चलाया स्वच्छता अभियान

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर शहर में सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऑपरेशन




सोनचिरैया के तत्वावधान में 8 फरवरी को एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान लिंक रोड पर अवतार ऑप्टिकल के सामने सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जहां लंबे समय से जमा कचरे को साफ कर क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया। इस अभियान में पार्थ तिवारी, निखिल कहरा, महेंद्र चौहान, पिंटू यादव, अविरल तिवारी, समर्थ तिवारी, लक्ष्य लडेर, हसप्रीत पाल, अंश साहू एवं अवजोतपाल शुक्ला ने सक्रिय रूप से भाग लेकर श्रमदान किया। सभी सदस्यों ने मिलकर आसपास फैली गंदगी को हटाया और आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। ऑपरेशन सोनचिरैया का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाना है। संस्था के सदस्यों ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं और स्वच्छ भारत अभियान में अपना योगदान दें।

### महाशिवरात्रि पर बाजे-गाजे व झांकी के साथ निकाली जाएगी भव्य शिव बारात



**मालखरौदा।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात आयोजन की तैयारी को लेकर 8 फरवरी को शिव बारात आयोजन समिति एवं बोल बम कांवरिया संघ मालखरौदा की अंतिम बैठक ग्राम कलमी में हुई। बैठक में भव्य शिव बारात की तैयार को लेकर विशेष चर्चा की और निर्णय लिया गया कि शिव बारात झांकी, बाजा गाजा, रथ, लाइट के साथ निकाली जाएगी। मालखरौदा शिव बारात में दूर दराज सहित हजारों शिव भक्त बाराती और घराती बनने शामिल होते है। शिव बारात आयोजन को लेकर आयोजन समिति दिन रात मेहनत कर रही है। वहीं क्षेत्र भर से पहुंचे सभी शिव भक्तों के लिए जितेंद्र विजय बहादुर सिंह एवं राज परिवार मालखरौदा द्वारा भंडारा प्रसाद व्यवस्था की जा रही है। रविवार 15 फरवरी को शाम 4 बजे से ओंगनपाठ देव स्थल मिशन चौक से शिव बारात का शुभारंभ होगा जो कलमी, बीरभांठा चौक होते हुए मालखरौदा बस्ती स्थित श्री राम जानकी मंदिर में संपन्न होगी।

## निधन

### श्रीमती सम्मे बाई कश्यप

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा के प्रतिष्ठित महिला श्रीमती सम्मे बाई कश्यप का मंगलवार 10 फरवरी को निधन



हो गया। वे 85 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार करमइहा तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ सुपुत्र पुनीराम कश्यप ने दी। अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओ के अलावा ग्रामवासी और रिश्तेदार बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे कृष्णों लाल कश्यप एवं माखन लाल कश्यप के माता थी।

### पवन द्विवेदी

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम सुकली के प्रतिष्ठित नागरिक



बाल्को एम्पलाईज पवन द्विवेदी (लालू) का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 10 फरवरी को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके सुपुत्र अनिश आयुष ने दी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। अंतिम यात्रा में परिजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

विकसित भारत जी राम जी जनजागरण अभियान को लेकर तरौद में कार्यशाला आयोजित

# वीबीजीरामजी देश को विकसित, समृद्ध बनाने की दिशा में मजबूत कदमः सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा नगर मंडल के ग्राम तरौद में विकसित भारत जी राम जी जनजागरण अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना और अधिक से अधिक लोगों को उनका लाभ दिलाना रहा।

मुख्य वक्ता सौरभ सिंह ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विकसित भारत अभियान की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश को आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी लेकर पात्र व्यक्ति समय पर आवेदन करें और योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं।उन्होंने बताया कि विकसित भारत जी राम जी जनजागरण अभियान के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास, सड़क, बिजली, पानी और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू करने का लक्ष्य है। इस अभियान में




कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह।



जनभागीदारी को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि जागरूक नागरिक ही विकसित भारत की नींव रख सकते हैं।कार्यक्रम में जिला महामंत्री नंद चौधरी, मंडल अध्यक्ष गोपेश तुलस्यान, मंडल के महामंत्रीगण, समस्त भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अभियान को सफल बनाने के लिए संगठनात्मक एकजुटता और सतत जनसंपर्क पर जोर दिया।कार्यशाला के दौरान ग्रामीणों ने योजनाओं से संबंधित प्रश्न भी रखे, जिनका समाधान मंच से किया गया। कार्यक्रम का समापन विकसित भारत के संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने गांव और क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को दी गई जानकारी

**मुलमुला।** भाजपा मण्डल मुलमुला में विकसित भारत-जी राम जी की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुआ। कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी छ. ग. वरिष्ठ नेता व भारतीय जनता पार्टी जिला रायगढ़ के जिला संगठन प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर मुख्यवक्ता के रूप में मौजूद थे। अध्यक्षता भाजपा मण्डल मुलमुला के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप यादव ने किया। मुख्यवक्ता प्रशांत सिंह ठाकुर ने कार्यशाला में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत-जी राम जी योजना का मुख्य उद्देश्य गांव की विकास को



गति देना, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाना है। विकसित भारत जी राम जी योजना ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की लक्ष्यपूर्ति में मिल का पत्थर साबित होगा। श्रमिकों को पहले 100 दिन का रोजगार मिलता था लेकिन भारत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-जी राम जी योजना के अंतर्गत 125 दिन का रोजगार दिया जा रहा है। बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, डिजिटल उपस्थिति, वेतन और भत्तों का सीधा भुगतान किया जाएगा जिससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होगा। उन्होंने बताया कि इस योजना में कच्चे कार्यों के साथ-साथ अब पक्के कार्य भी किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा अजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुखराम मधुकर, भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री शिवचमन सिंह, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राहुल सेन, पूर्व मण्डल अध्यक्ष दरस पटेल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष उद्यालिक साहू, मण्डल महामंत्री द्वय कौशल जोशी, किरण कुम्भकार, मण्डल उपाध्यक्ष रामपुकार कश्यप, द्वारिका वर्मा, इंदु बंजारे, सविता पटेल, हिरौंदी राय, नरेश पोर्ते, मलखम लहरे, डामेश्वर टण्डन, प्रकाश यादव, बनवारी लाल धीवर, संतोष शर्मा, चंदाराम कश्यप, चंदराम पटेल, राजधर सिंह, बाबा सिंह, भारत मेहर, नोबिन टण्डन सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न स्किल आधारित गतिविधियां आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

नवोदय विद्यालय समिति द्वारा संचालित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में जिले के विद्यार्थियों की व्यापक सहभागिता के साथ प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों के लिए विभिन्न स्किल आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में निर्णायकों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन किया गया। विषय विशेषज्ञ निर्णायकों द्वारा जिले से आए प्रतिभागी विद्यार्थियों में से 30 विद्यार्थियों का चयन कर उनका नाम प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रेरणा उत्सव समन्वयक एवं पीजीटी रसायन के.के. पटेल द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं को 21वीं सदी के कौशल से सशक्त बनाना, भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देना तथा सामाजिक सुधार के प्रति




प्रतिबद्धता विकसित करना है। कार्यक्रम में अकादमिक प्रभारी डॉ. एस.के. कश्यप, बी.आर. पटेल एवं श्रीमती झरना देवांगन ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त नोडल विद्यालय की हिंदी शिक्षिका श्रीमती वर्षा सिंह, अंग्रेजी शिक्षक चंडी हलधर, संगीत शिक्षक सुभाष चंद्र तथा समस्त शैक्षिक एवं गैर-शैक्षिक स्टाफ के सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन संभव हो पाया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.के. ठाकुर ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए इस कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए लाइफ चेंजिंग अवसर बताया।

# जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने निभाते हैं महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम पंचायत कोटगढ़ विकासखंड अकलतरा में युवोदय कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा बाल विवाह के दुष्प्रभाव और सामाजिक जागरूकता के विषय पर नुक्कड़

- **बाल विवाह के दुष्प्रभाव सहित सामाजिक विषयों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन**

नाटक आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम जिला प्रशासन के सहयोग एवं यूनिसेफ, अलायन्स फॉर बिहैवियर चेंज, सर्वहितम और अग्रिकॉन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित "युवोदय – हसदेव के हीरो" पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया। यह अभियान 1 से 20 फरवरी तक जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में



जागरुकता का संदेश देते स्वयंसेवक।

अभियान मोड में चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य समुदाय आधारित सहभागिता के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाना और सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन को सुदृढ़ करना है। अभियान के तहत बाल विवाह के दुष्प्रभाव, "रूप नहीं गुण", पैरेंटिंग सर्किल, पोषण, किशोर सशक्तिकरण और नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर नुक्कड़ नाटक और अन्य जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण समुदाय, किशोर और युवा जागरूक किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने इसे उपयोगी, समयोचित और प्रेरणादायी बताया। ग्राम पंचायत के सरपंच ने स्वयंसेवकों के समर्पण और प्रभावशाली प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु अत्यंत आवश्यक हैं। युवाओं को इस अवसर पर "हसदेव के हीरो" स्वयंसेवक बनने, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ सजग रहने और समुदाय में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान में शामिल किशोरों और युवाओं ने समाजहित में सक्रिय सहभागिता निभाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस नुक्कड़ नाटक में बड़ी संख्या में किशोर बालक-बालिकाएँ, ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सराहा और इसकी सफलता में योगदान दिया।

# 27 साल बाद मिल कर भावुक हुए पुराने दोस्त






### ज्ञान भारती स्कूल के विद्यार्थियों का मित्र मिलन समारोह

**बिलासपुर।** ज्ञान भारती स्कूल जांजगीर के कक्षा 12 वीं 1999 बैच के विद्यार्थियों ने 27 साल बाद मित्र मिलन समारोह का आयोजन एक निजी होटल में किया। कार्यक्रम में त्रिपुरा, राउलकेला, संबलपुर, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, केरल के मित्रों को मिलने की चाह ने खींच लाई।

प्रथम सत्र में पुराने मित्रों ने अपना-अपना परिचय देते हुए वर्तमान में अपनी नौकरी, व्यवसाय के बारे में बताया। वर्तमान समय में कोई डॉक्टर, कोई इंजीनियर, कोई व्याख्याता, शिक्षक, कोई पुलिस विभाग में, कोई सफल व्यवसायिक, कोई पत्रकार है। सबने इस कार्यक्रम में शामिल होकर अपने 27 साल पहले की उम्र को याद कर भावुक हो गए एवं अपने गुरुजन को याद किया। इससे पहले सभी मित्रों ने उन मित्रों को याद किया जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मध्यान्ह भोजन का सभी ने आनंद उठाया। सत्र के बीच-बीच में विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल, गीत, चुटकुले, कविता आदि की प्रस्तुति दी जाती रही। कार्यक्रम का संचालन ई. रविन्द्र दुबे बालको कोरबा एवं आभार प्रदर्शन ई. देवेंद्र शर्मा केंद्रीय गृह मंत्रालय त्रिपुरा व निधि जैन रायपुर ने किया।

कार्यक्रम की समाप्ति आगामी मिलन समारोह में मिलने की घोषणा एवं व्याख्याता व साहित्यकार प्रदीप कुमार राठौर बिलासपुर ने निदा फ़ाज़ली की पंक्ति-जब भी चाहो इनायत से बुला लो मुझको, मैं गुजरा वक्त तो नहीं जो वापस न आ सकूं... से किया। अंत में सभी मित्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

# संघ के कार्यों को आगे बढ़ाने कार्यकर्ताओं को दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

ग्राम पंचायत कुम्हारीकला में 8 फरवरी को खंड स्तरीय युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप मे विभूतिभूषण पांडे, विभाग प्रमुख विश्व हिंदू परिषद मध्य क्षेत्र भोपाल उपस्थित रहे।

वहीं समापन सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायपुर के कार्यालय प्रमुख नकुल सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की आरती एवं तेल चित्रों पर पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात गौतम कश्यप द्वारा शाखा लगाई गई। कार्यक्रम में एकल गीत, सुविचार, ध्वज प्रणाम एवं प्रार्थना की प्रस्तुतियाँ हुईं। उद्घाटन सत्र में




विभूतिभूषण पांडे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। भोजन उपरांत अंतरराष्ट्रीय कथक नृत्यांगना अश्विका साहू द्वारा मनमोहक कथक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। चर्चा सत्र में दिनेश चंदेल एवं पीतांबर कश्यप ने शास्त्र चर्चा के माध्यम से महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। समापन सत्र में नकुल सिंह ने संघ के कार्यों को आगे बढ़ाने हेतु कार्यकर्ताओं को उपयोगी सुझाव दिए। समाधान सत्र में प्रचारक लोमेश साहू द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए। कार्यक्रम घनश्याम सिंह, पीतांबर कश्यप, अजय सराफ, अमित सराफ, गौतम कश्यप, गोलु दुबे, शिव जायसवाल, अमित तिवारी, दुष्यंत सिंह, बुधराम बरेठ, दिलीप बरेठ, श्याम साहू, सीताराम साहू, शैलेंद्र नामदेव, कोरबा से सुनील बरेठ तथा दारंग मंडल कार्यवाहक अशोक साहू एवं खंड स्तर के अनेक भैया - बहन सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सभी नागरिकों को घर-घर जाकर खिलाएं फाइलेरिया की दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत

- **समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा**

चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले के सभी नागरिकों को फाइलेरिया की दवा खिलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रथम चरण में बूथ स्तर पर सभी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में दवा खिलाए जाने की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

दिए। इसके पश्चात द्वितीय चरण में मितानिनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर घर जाकर दवा सेवन कराए जाने तथा अंतिम चरण में माप अप राउंड के अंतर्गत शेष छूटे हुए व्यक्तियों को सुव्यवस्थित रूप से फाइलेरिया (हाथीपांव) का दवा सेवन कराए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। समय सीमा की बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपस्थित सभी जिला अधिकारियों सहित कलेक्टर कार्यालय के सभी अधिकारियों कर्मचारियों को भी फाइलेरिया (हाथीपांव) की दवा खिलाई गई। बैठक में कलेक्टर ने एसआईआर के कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्वाचन कार्य से जुड़े उप जिला निर्वाचन अधिकारी व ईआरओ सहित संबंधित सभी अधिकारियो कर्मचारियो को एसआईआर के कार्यो को पूरी प्राथमिकता से करने और सभी प्रविष्टिया निर्धारित समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने एस आई आर के कार्यो में जिले का प्रदेश स्तर पर दूसरा रैंक आने पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री कावेरी मरकाम व सभी ईआरओ सहित एसआईआर कार्य से जुड़े संबंधित सभी अधिकारियो कर्मचारियो को बधाई दी और एसआईआर कार्य समाप्ति तक बेहतर कार्य करने प्रेरित किया। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने पी एम सूर्यघर योजना, जल जीवन मिशन, आश्रम छात्रावासो का निरीक्षण, लोक सेवा गारंटी आदि कार्यो की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों के लंबित पेंशन प्रकरणों के अद्यतन स्थिति सहित अन्य आवश्यक कार्यो की विस्तारपूर्वक जानकारी ली तथा विभिन्न विभाग अंतर्गत लंबित पेंशन प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411